कर्मचारी राज्य बीमा निगम
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)
EMPLOYEES' STATE INSURANCE CORPORATION
(Ministry of Labour & Employment, Govt. of India)

मुख्यालय
Headquarters
पंचदीप भवन सी॰आई॰जी रोड, नई दिल्ली-110002
PANCHDEEP BHAWAN, C.I.G. MARG, NEW DELHI-110 002
Phone: 011-23604700 Email: dir-gen@esic.nic.in
Website: www.esic.nic.in / www.esic.in

संख्या : ए-49/16/5/2023-रा.भा. दिनांक : 24-09-2025

सेवा में,

- बीमा आयुक्त, राष्ट्रीय प्रशिक्षण अकादमी, क.रा.बी.निगम, नई दिल्ली।
- सभी अपर आयुक्त / क्षेत्रीय निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय, क.रा.बी.निगम।
- सभी निदेशक / प्रभारी संयुक्त निदेशक / प्रभारी उप निदेशक, उप क्षेत्रीय कार्यालय, क.रा.बी.निगम।
- निदेशक, निदेशालय(चिकित्सा), दिल्ली/नोएडा।
- सभी चिकित्सा अधीक्षक, क.रा.बी.निगम अस्पताल/आदर्श अस्पताल।
- सभी संकायाध्यक्ष/ कार्यालय प्रमुख, क.रा.बी.निगम, चिकित्सा महाविद्यालय/ दंत्य महाविद्यालय/ नर्सिंग महाविद्यालय/ स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान संस्थान।

विषय : राजभाषा पखवाड़ा समापन समारोह-वर्ष 2025 के अवसर पर महानिदेशक, क.रा.बी.निगम की अपील।

महोदया/महोदय,

राजभाषा पखवाड़ा समापन समारोह-वर्ष 2025 के अवसर पर क.रा.बी.निगम की सभी इकाइयों में महानिदेशक, क.रा.बी.निगम द्वारा की गई अपील का वाचन किया जाना है। तदनुसार, महानिदेशक महोदय की अपील आवश्यक कार्रवाई हेतु इस पत्र के साथ संलग्न पाएं।

संलग्नक: यथोपरि।

भवदीय
Digitally signed by
Sham Sunder Kathuria
Date: 24-09-2025
16:50:53
(श्याम सुंदर कथूरिया)
निदेशक(राजभाषा)

प्रतिलिपि :

वेबसाइट सामग्री प्रबन्धक को इसे क.रा.बी. निगम की वेबसाइट पर अपलोड करने के अनुरोध के साथ प्रेषित।

निदेशक(राजभाषा)

कर्मचारी राज्य बीमा निगम
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)
Employees' State Insurance Corporation
(Ministry of Labour & Employment, Govt. of India)
क.रा.बी.नि.
E.S.I.C.

सत्यमेव जयते

पंचदीप भवन, सी.आई.जी. मार्ग, नई दिल्ली–110 002
Panchdeep Bhawan, C.I.G. Marg, New Delhi-110 002
Tel. : 011-23215487
Website : www.esic.gov.in / www.esic.in

अपील

राजभाषा हिंदी में कामकाज, देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था और राष्ट्रीयता की भावना के अनुरूप है। एक सामाजिक सुरक्षा संगठन के तौर पर कर्मचारी राज्य बीमा निगम में राजभाषा हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग संविधान का अनुपालन एवं सामाजिक सेवा भावना का द्योतक है। इसी का प्रतिफल है कि विश्व पटल पर भारत अपने कामगारों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने वाले एक अग्रणी राष्ट्र के रूप में स्थापित हुआ है।

आप सभी से यह अपील है कि बीमाकृत व्यक्तियों की सेवा सहित सभी पणधारकों से हिंदी के साथ-साथ भारतीय भाषाओं में संवाद करें। जागरूकता शिविरों, सुविधा समागम, बैठकों, आदि में हिंदी को प्राथमिकता दें। इससे तैयार होने वाले वातावरण से देश के हर एक कोने में कामकाज के निपटान में सुविधा होगी। समय परिवर्तन और नवीनतम प्रौद्योगिकी के साथ भाषा संबंधी तकनीकी सुविधाओं का लाभ लिया जा सकता है। इससे कार्य में सुगमता, तत्परता और व्यापकता आएगी।

सभी भारतीय भाषाएँ परस्पर एक-दूसरे की सहयोगी ही रही हैं। हिंदी भी प्रांतीय भाषाओं के बिना अधूरी है, क्षेत्रीय भाषाओं तथा बोलियों के उपयोगी शब्द हिंदी को समृद्ध बनाने में सहायक हो सकते हैं।

भारत सरकार ने राजभाषा के प्रति अपनी वचनवद्धता दर्शाते हुए प्रतिवर्ष हिंदी दिवस को गरिमामयी वातावरण में पूरे देश में मनाने की सकारात्मक पहल की थी। यह परम्परा अनेक पड़ाव पार कर चुकी है और आज प्रत्येक भाषा-भाषी इससे गहराई से जुड़ा है। आप सभी राजभाषा को गर्व से अपनाएं, सरल हिंदी का प्रयोग करें, राजभाषा पखवाड़े के समापन-उत्सव को एक नई शुरुआत मानें।

शुभकामनाओं सहित!

(अशोक कुमार सिंह)
महानिदेशक